केनरा बैंक में सिंडिकेट बैंक का समामेलन

बारंबार पूछे जानेवाले प्रश्न(एफएक्यू)

क्रमांक	बारंबार पूछे जानेवाले प्रश्न(एफएक्यू)	उत्तर
क	**साधारण प्रश्न**	
1	समामेलन के उद्देश्य क्या हैं?	माननीय वित्त मंत्री द्वारा समामेलन की घोषणा निम्नलिखित उद्देश्यों के साथ की गई थी: ✓ समेकन के माध्यम से कार्यक्षमता को उजागर करना-अगली पीढ़ी (नेक्स्ट जेन) बैंकों का गठन करना । ✓ अर्थव्यवस्था को $5 ट्रिलियन (यूएस डॉलर) तक ले जाने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की पुनर्संरचना करना । ✓ ऋण प्रवाह बढ़ाने के लिए उन्नत क्षमता युक्त बड़े बैंकों का निर्माण करना । ✓ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की मजबूत बैंकों का निर्माण करना। ✓ परिचालनात्मक दक्षता में वृद्धि के माध्यम से ऋण देने की लागत को कम करना । ✓ वर्धित जोखिम तीव्रता को कम करना । ✓ संवर्धित अनुकूलन के साथ व्यापक सुविधाएं उपलब्ध कराना । ✓ बाजार से संसाधन जुटाने की क्षमता बेहतर बनाना ।
2	समामेलित बैंक का नाम क्या है?	समामेलित बैंक का नाम **केनरा बैंक** होगा।
3	क्या अब एक ग्राहक के रूप में मुझे कुछ करना है?	एक ग्राहक के रूप में आप वर्तमान शाखा से सामान्य रूप से बैंकिंग सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं। दोनों बैंकों की सभी शाखाएं आपके लिए सर्वोत्तम सेवाएं सुनिश्चित करेंगी।
4	क्या समामेलन के बाद कुछ शाखाओं को बंद कर दिया जाएगा?	नहीं। वर्तमान में किसी भी शाखा को बंद करने की योजना नहीं हैं। यदि हम पास स्थित / नज़दीकी शाखाओं का विलयन करने का निर्णय लेते हैं, तो आपको समय रहते ही उचित ढ़ंग से सूचित किया जाएगा।
5	मेरे क्षेत्र में दोनों बैंक की शाखाएं हैं । मेरी बैंकिंग संबंधी सेवा किस शाखा से होगी?	सभी शाखाओं में कार्य यथावत जारी रहेगा। आपकी वर्तमान बैंक की शाखा द्वारा आपको सेवाएं दी जाएंगी। आगे इन दोनों बैंक के सभी ग्राहकों को लगभग 13 अंतर-संचालित सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।
6	शाखा के साथ विकसित पारस्परिक संबंधों का क्या होगा ?	आपकी शाखा द्वारा आपके पूर्व के संबंध यथावत रहेंगे और भविष्य में उनको और प्रगाढ़ किए जाने के प्रति हम पूर्णतया प्रतिबद्ध हैं।
7	मेरे द्वारा धारित सिंडिकेट बैंक के मौजूदा शेयरों का क्या होगा?	रिकॉर्ड तिथि (23/03/2020) के अनुसार सिंडिकेट बैंक के मौजूदा शेयरधारकों को, दोनों बैंकों के निदेशक मंडल द्वारा निर्धारित किए गए शेयर विनिमय अनुपात के अनुसार, केनरा बैंक के शेयर प्राप्त होंगे।
8	मुझे इस समामेलन / समामेलन के बाद बैंकिंग सेवाओं के संबंध में नवीनतम जानकारी कहां से मिल सकती है?	दोनों केनरा बैंक और सिंडिकेट बैंक की वेबसाइट समय-समय पर नवीनतम जानकारी के साथ अद्यतन की जाएंगी। किसी भी सहायता के लिए कृपया टोल फ्री नंबर पर बैंक से संपर्क करें अथवा सोशल मीडिया पर कनेक्ट करें या अपनी शाखा में जाएं।

क्रमांक	बारंबार पूछे जानेवाले प्रश्न(एफएक्यू)	उत्तर
9	किस बैंक का विलय किस बैंक में होगा?	केनरा बैंक में सिंडिकेट बैंक का समामेलन हो रहा है। समामेलित इकाई या बैंक का नाम केनरा बैंक होगा।
10	सिंडिकेट निजी बैंक है या सरकारी?	सिंडिकेट बैंक एक सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है, अर्थात्, भारत सरकार के पास बहुसंख्यक हिस्सेदारी युक्त बैंक।
11	समामेलन क्यों हो रहा है?	भारत सरकार ने केनरा बैंक को वैश्विक स्तर पर एक प्रतिस्पर्धी ऋणदाता बनाने के उद्देश्य से केनरा बैंक में सिंडिकेट बैंक के समामेलन हेतु मंजूरी दे दी है। समामेलन के पश्चात यह नया बैंक भारतीय स्टेट बैंक और पीएनबी + ओबीसी + यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया के बाद तीसरा सबसे बड़ा बैंक (यथा दिसंबर 2019 के अनुसार) बन जाएगा। किसी एक या एक से अधिक बैंकों का विलयन या समामेलन एक व्यापक भौगोलिक उपस्थिति के साथ आकार, पैमाने, मज़बूती आदि के लाभ को प्राप्त करने में मदद करता है। अब, संयुक्त इकाई के पास 10396 शाखाओं और पूरे भारत में लगभग 13408 एटीएम का नेटवर्क है। (केनरा बैंक - 8837 एटीएम और 6333 शाखाएं, सिंडिकेट बैंक - 4571 एटीएम और 4063 शाखाएं)
12	केनरा बैंक और सिंडिकेट बैंक के समामेलन का ग्राहकों पर क्या असर होगा?	ग्राहक, केनरा बैंक नाम के, बड़े संगठन या बैंक का हिस्सा बन जाएंगे। नई इकाई के पास एक संवर्धित बाजार हिस्सेदारी होगी, जिससे अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाने और अधिक लाभदायक बनाने में मदद करेगी। दोनों बैंक के ग्राहक, बड़ी संख्या में उपलब्ध शाखा और एटीएम नेटवर्क से लाभान्वित होंगे। साथ में उनके पास ऋण सुविधा और उत्पादों एवं सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला होगी। समामेलित इकाई का संपूर्ण भारतवर्ष में 10396 शाखाओं और लगभग 13408 एटीएम का नेटवर्क होगा। ग्राहक, बड़ी संख्या में उपलब्ध उत्पादों और सेवाओं से अपने हितानुसार उत्पादों और सेवाओं को चुन सकेंगे। समामेलित इकाई अब देश का तीसरा सबसे बड़ा सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है। किसी एक या एक से अधिक बैंकों का विलयन या समामेलन एक व्यापक भौगोलिक उपस्थिति के साथ आकार, पैमाने, मज़बूती आदि के लाभ को प्राप्त करने में मदद करता है। आगे यह निम्नलिखित में परिलक्षित होता है: ✓ बेहतर मूल्य युक्त उत्पादों और सेवाओं की व्यापक उपलब्धता। ✓ व्यापक नेटवर्क कवरेज के कारण बढ़ती पहुंच। ✓ ग्राहकों से रू-बरू होनेवाले / संपर्क में आनेवाले कर्मचारियों के अधिक संख्या में आबंटन के कारण बेहतर ग्राहक सेवा। ✓ अधिक धन प्रबंधन / सेवाएं जोड़ने का अवसर।
13	केनरा बैंक / सिंडिकेट बैंक की कितनी शाखाएं हैं?	भारत में केनरा बैंक की लगभग 6328 शाखाएं और विदेश में 5 शाखाएं हैं। भारत में सिंडिकेट बैंक की 4062 शाखाएं और विदेश में 1 शाखा (यूके) है।
14	क्या सिंडिकेट बैंक बंद हो रहा है?	नहीं। सिंडिकेट बैंक को केनरा बैंक के साथ समामेलित किया जा रहा है और समामेलित इकाई / बैंक का नाम केनरा बैंक है।

क्रमांक	बारंबार पूछे जानेवाले प्रश्न(एफएक्यू)	उत्तर
ख	**सामान्य बैंकिंग से संबंधित प्रश्न**	
15	क्या मुझे सिंडिकेट बैंक का अपना खाता बंद करना होगा?	ग्राहकों को खाता बंद करने की कोई आवश्यकता नहीं है। सिंडिकेट बैंक का मौजूदा खाता जारी रहेगा।
16	क्या मेरा खाता संख्या बदल जाएगा?	नहीं। मौजूदा खाता संख्या यथावत जारी रहेगा। उचित सूचना देने के बाद ही कोई भी बदलाव किया जाएगा।
17	क्या हमारे खाते के अन्य विवरण में बदलाव होगा?	नहीं। खाता विवरण जैसे, आईएफएससी, एमआईसीआर आदि यथावत जारी रहेगा। इस संबंध में कोई भी परिवर्तन उचित रूप से सूचित किया जाएगा।
18	क्या मुझे अपने केवाईसी दस्तावेजों को पुन: जमा करना होगा?	यदि आपका केवाईसी, आपकी शाखा के रिकॉर्ड में पहले से ही अद्यतन है, तो आपको अपने केवाईसी दस्तावेजों को पुन: जमा करने की आवश्यकता नहीं है।
19	क्या मौजूदा ग्राहकों के खाता संख्या और आईएफएससी कोड में बदलाव होगा?	जब तक परिवर्तन की सूचना और घोषणा नहीं की जाती है, तब तक मौजूदा खाता संख्या, आईएफएससी कोड, एमआईसीआर कोड और खाता एवं शाखा के अन्य पहचान यथावत जारी रहेंगे ।
20	मेरा खाता दोनों बैंक में है। क्या मुझे किसी एक खाते को बंद करना पड़ेगा ?	नहीं। दोनों बैंकों का खाता यथावत जारी रहेगा। हालाँकि, भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, ग्राहक के पास केवल एक ही ग्राहक आईडी होनी चाहिए, चाहे उसके पास कितने भी खाते हों। इस संबंध में कोई भी परिवर्तन उचित रूप से सूचित किया जाएगा।
21	क्या मुझे नया चेक बुक / एटीएम कार्ड मिलेगा और मौजूदा चेक बुक / एटीएम कार्ड का क्या होगा ?	अगली सूचना तक मौजूदा एटीएम कार्ड और चेक बुक का उपयोग किया जा सकता है।
22	क्या मैं केनरा बैंक/सिंडिकेट बैंक की किसी भी शाखा में अपना पास बुक अपडेट करवा सकता/सकती हूं ?	फिलहाल संबंधित बैंक शाखाओं में पास बुक अपडेट करवाए जा सकते हैं | हालांकि खाता विवरण/पास शीट समामेलित बैंक की किसी भी शाखा में उपलब्ध होगी।
23	क्या सिंडिकेट बैंक का ग्राहक बिना चेक के प्रयोग के केनरा बैंक की शाखा से और केनरा बैंक का ग्राहक बिना चेक के प्रयोग के सिंडिकेट बैंक की शाखा से नकद आहरण कर सकता/सकती है ?	नहीं । ग्राहकों को नकद आहरण के लिए चेक का प्रयोग करना पड़ेगा | वे किसी भी बैंक के एटीएम में डेबिट कार्ड का प्रयोग कर सकते/सकती हैं ।
24	क्या मैं केनरा बैंक और सिंडिकेट बैंक की किसी भी शाखा में जमा खाते खोल सकता/सकती हूं ?	जी हां ।

<table>
<tr><th>क्रमांक</th><th>बारंबार पूछे जानेवाले प्रश्न(एफएक्यू)</th><th>उत्तर</th></tr>
<tr><td>25</td><td>मेरा खाता सिंडिकेट बैंक में है। क्या मैं केनरा बैंक की शाखा में लेनदेन कर पाऊंगा/पाऊंगी और यदि मेरा खाता केनरा बैंक में है तो क्या मैं सिंडिकेट बैंक की शाखा में लेनदेन कर पाऊंगा/पाऊंगी?</td><td>जी हां, 01.04.2020 से नीचे दी गयी अंतर प्रचालित सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी |
<table>
<tr><td>1</td><td>नकद आहरण</td><td>8</td><td>चेक स्टॉप पेमेंट</td></tr>
<tr><td>2</td><td>नकद जमा</td><td>9</td><td>डेबिट/क्रेडिट कार्डों की हॉट लिस्टिंग</td></tr>
<tr><td>3</td><td>निधि अंतरण</td><td>10</td><td>शिकायत पंजीकरण</td></tr>
<tr><td>4</td><td>ऋण चुकौती</td><td>11</td><td>खाता विवरण जनरेट करना</td></tr>
<tr><td>5</td><td>बचत बैंक खाता खुलवाना</td><td>12</td><td>ऋण खाता विवरण</td></tr>
<tr><td>6</td><td>पासबुक विवरण</td><td>13</td><td>बैलेंस जानकारी</td></tr>
<tr><td>7</td><td>चेक बुक आवेदन</td><td></td><td></td></tr>
</table></td></tr>
<tr><td>26</td><td>क्या हमारे खाते पर कोई नया सेवा शुल्क लगाया जाएगा?</td><td>विलयन के परिणामस्वरूप ग्राहकों के लिए सेवा शुल्कों का एकीकरण होगा| इसमें किसी प्रकार के परिवर्तन के मामले में ग्राहकों को पहले ही सूचित किया जायेगा |</td></tr>
<tr><td>27</td><td>क्या मेरी कस्टमर आईडी पहले वाली ही रहेगी ?</td><td>जी हां | भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार एक ग्राहक की सिर्फ एक कस्टमर आईडी (Cust - ID) होनी चाहिये, चाहे उसके कितने भी खाते हों | इसमें कोई भी परिवर्तन पर्याप्त अग्रिम सूचना के साथ किया जायेगा |</td></tr>
<tr><td>28</td><td>क्या मेरे जमा खातों की ब्याज दरों में कोई परिवर्तन होगा ?</td><td>नहीं।मौजूदा बचत बैंक खाता/आवर्ती जमा/मीयादी जमा के लिए परिपक्वता तक चालू ब्याज दर रहेगी | समामेलन के बाद ब्याज दरों में किसी भी प्रकार के परिवर्तन को बैंक की वेबसाइट और शाखाओं में प्रदर्शित किया जायेगा |</td></tr>
<tr><td>29</td><td>क्या सिंडिकेट बैंक की शाखाएं केनरा बैंक में मिल जायेंगी, जिससे शाखाओं का स्थान बदल जायेगा?</td><td>फिलहाल, शाखाओं का स्थान नहीं बदलेगा | जब कोई परिवर्तन होगा तब उसकी सूचना आपको पहले से दी जायेगी |</td></tr>
<tr><td>30</td><td>केनरा बैंक की शाखा के विलयन के मामले में क्या लॉकर के स्थान बदले जायेंगे ?</td><td>यदि हम आसपास की शाखाओं के विलयन का निर्णय लेंगे तो ऐसी शाखाओं में जिनके लॉकर हैं उन्हें पास की शाखा में लॉकर आबंटित करेंगे |</td></tr>
<tr><td>31</td><td>मार्च 2020 का फॉर्म 16 ए किस बैंक की शाखाओं में उपलब्ध होगा?</td><td>फॉर्म 16 ए के लिए कृपया अपनी मूल शाखा से संपर्क करें |</td></tr>
<tr><td>32</td><td>क्या समामेलन के बाद रू 2 करोड़ तक के खुदरा मीयादी जमा के परिपक्वता पूर्व आहरण के लिए दंड प्रभार होगा ?</td><td>जी हां</td></tr>
<tr><td>33</td><td>समामेलित बैंक में अतिदेय जमा के लिए प्रदत्त ब्याज क्या है?</td><td>लागू बचत बैंक दर पर</td></tr>
<tr><td>34</td><td>दोनों में से किसी एक बैंक के बिना दावे वाले जमा के लिए मैं किस बैंक की शाखा से दावा कर सकता/सकती हूं?</td><td>ऐसे दावे सिर्फ मूल शाखा से किये जाने हैं |</td></tr>
</table>

क्रमांक	बारंबार पूछे जानेवाले प्रश्न(एफएक्यू)	उत्तर
35	क्या समामेलित बैंक में जमा राशि का स्वत: नवीकरण उपलब्ध है?	जी हां, टैक्स सेवर डिपॉज़िट, कैपिटल गेन अकाउंट डिपॉज़िट, बैंकों द्वारा समाप्त किये गये अन्य जमा उत्पादों, एफसीएनआर आदि के अलावा की गयी संविदा के अनुसार मूल शाखा में जमा राशि का स्वत: नवीकरण होगा|
36	क्या समामेलित बैंक में रू 2 करोड़ से अधिक के थोक जमा के परिपक्वता पूर्व आहरण के लिए दंड प्रभार होगा ?	नहीं, लागू नहीं है |
37	दोनों बैंकों में से किसी एक के ब्याज दर से संबंधित किसी विवाद के लिए किससे संपर्क करें?	कृपया अपनी मूल शाखा या कॉल सेंटर से संपर्क करें या शिकायत निवारण पोर्टल में अपनी शिकायत दर्ज करें |
38	मैं अपना खाता संयुक्त खाते में बदलना चाहता/चाहती हूं, क्या मैं समामेलित बैंक की किसी भी शाखा में यह कर सकता/सकती हूं ?	कृपया अपनी मूल शाखा से संपर्क करें |
39	क्या नये खाते खुलवाने के लिए केवाईसी दस्तावेज़ों की आवश्यकता में कोई परिवर्तन आयेगा ?	नहीं, वर्तमान दिशानिर्देश जारी रहेंगे जब तक विनियामक/सरकार द्वारा कोई परिवर्तन न किया जाये |
40	विलयन के बाद क्या टॉल फ्री नंबर पहले वाले ही रहेंगे ?	जी हां, विलयन के बाद टॉल फ्री नंबर पहले वाले ही रहेंगे | समामेलन के लिए विशेष कॉल सेंटर के गठन की प्रक्रिया जारी है |
41	क्या सिंडिकेट बैंक का ग्राहक सेवा नंबर अलग है या मैं पहले वाले टॉल फ्री नंबर पर कॉल कर सकता/सकती हूं?	आप दोनों नंबरों पर कॉल कर सकते/सकती हैं |
42	खाता संख्या आदि के परिवर्तन के बाद इनकम टैक्स आदि जैसे विभिन्न विभागों से रिफंड के मामले में क्या होगा?	मौजूदा खाता संख्या, आईएफएससी कोड, एमआईसीआर कोड और खाते और शाखा के अन्य पहचान वही बने रहेंगे, यदि कोई परिवर्तन होता है तो उसकी सूचना दी जायेगी | रिफंड आदि सिर्फ आपके मौजूदा खाते में डाले जायेंगे |
43	क्या मैं नकद आहरण या निधि अंतरण के लिए मौजूदा पिन का प्रयोग कर सकता/सकती हूं ?	जी हां
44	क्या मैं सिंडिकेट बैंक के एटीएम में पिन नंबर बदल सकता/सकती हूं ?	जी हां, यदि आवश्यक है तो आप बदल सकते हैं |
45	क्या मैं सिंडिकेट बैंक के खाते की शेष राशि की जानकारी प्राप्त कर सकता/सकती हूं?	जी हां
46	यदि मैं सिंडिकेट बैंक का ग्राहक हूं, तो क्या मैं केनरा बैंक में अपना मोबाइल नंबर पंजीकृत करवा सकता/सकती हूं और यदि मैं केनरा बैंक का ग्राहक हूं, तो क्या मैं सिंडिकेट बैंक में अपना मोबाइल नंबर पंजीकृत करवा सकता/सकती हूं ?	जी हां

क्रमांक	बारंबार पूछे जानेवाले प्रश्न(एफएक्यू)	उत्तर
47	यदि मैं सिंडिकेट बैंक का ग्राहक हूं, तो क्या मुझे केनरा बैंक से सिंडिकेट बैंक के मेरे ऋण खाते का विवरण मिल सकता है और यदि मैं केनरा बैंक का ग्राहक हूं, तो क्या सिंडिकेट बैंक से केनरा बैंक के मेरे ऋण खाते का विवरण मिल सकता है ?	जी हां
48	क्या आप मुझे सिंडिकेट बैंक में पंजीकृत मेरे ईमेल आईडी पर मेरे खाते का विवरण भेज सकते हैं ?	जी हां
49	मैं सिंडिकेट बैंक का ग्राहक हूं | क्या मुझे केनरा बैंक से चेक बुक मिल सकती है ?	कृपया अपनी मूल शाखा से संपर्क करें। इस संबंध में संशोधन को आपको समय पर सूचित किया जाएगा।
50	मैं सिंडिकेट बैंक का ग्राहक हूं | क्या मुझे खाते से रूपये निकालने पर एसएमएस आते रहेंगे ?	जी हां, ग्राहक द्वारा निर्धारित डेबिट ट्रांजेक्शन लिमिट के आधार पर |
51	मैं सिंडिकेट बैंक का ग्राहक हूं | मेरा खाता ब्लॉक किया हुआ है, क्या मैं कॉल सेंटर के द्वारा अनब्लॉक करने की सुविधा प्राप्त कर सकता/सकती हूं ?	नहीं | कृपया अपनी मूल शाखा से संपर्क करें |
52	मेरा सिंडिकेट बैंक कार्ड गुम हो गया है | क्या मैं अपना कार्ड हॉट लिस्ट कर सकता/सकती हूं ?	जी हां
53	सिंडिकेट बैंक में खाता होने पर भी क्या मैं सीपीजीआरएस के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज कर पाऊंगा/पाऊंगी ?	जी हां, आप शिकायत दर्ज कर सकते हैं और सीपीजीआरएस पैकेज दोनों बैंकों के लिए रहेगा |
54	क्या मैं अपने जमा खातों के लिए नामांकन बदल सकता हूँ – बचत खाता / चालू खाता / सावधि जमा जो पहले सिंडिकेट बैंक में था?	नहीं। कृपया अपनी मूल शाखा में संपर्क करें।
55	क्या मैं विलय के बाद ऑनलाइन माध्यम से बचत खाता खोल सकता हूं?	जी हाँ
56	मैंने सिंडिकेट बैंक से आवास ऋण लिया है। क्या मैं केनरा बैंक से ऋण विवरण और ब्याज प्रमाणपत्र प्राप्त कर सकता हूं?	नहीं। कृपया अपनी मूल शाखा में संपर्क करें।
57	क्या मैं सिंडिकेट बैंक में जमा राशि के लिए, केनरा बैंक में फॉर्म 15जी / एच जमा कर सकता हूं?	नहीं। कृपया अपनी मूल शाखा में संपर्क करें।

क्रमांक	बारंबार पूछे जानेवाले प्रश्न(एफएक्यू)	उत्तर
58	लॉकर सुविधा के साथ मेरा सिंडिकेट बैंक में खाता है। क्या मुझे मेरे घर के पास की केनरा बैंक में लॉकर की सुविधा मिल सकती है?	जी हाँ, बशर्ते की शाखा में लॉकर उपलब्ध हों।
ग	**डिजिटल चैनल और कार्ड से संबंधित मुद्दे**	
59	यदि मैं एक नए डेबिट कार्ड के लिए आवेदन करूं या सिंडिकेट बैंक के अपने मौजूदा कार्ड को पुन: जारी करवाऊं तो मुझे कौन सा कार्ड और संस्करण मिलेगा?	1 अप्रैल 2020 से प्रभावी, जारी किए गए / पुन: जारी किए गए सभी कार्ड समामेलित बैंक के होंगे।
60	सिंडिकेट बैंक से प्राप्त क्रेडिट कार्ड का क्या होगा।	बिना किसी अग्रिम (भुगतान के लिए बकाया) के साथ सभी सिंडिकेट बैंक क्रेडिट कार्ड को उचित अग्रिम सूचना तथा केनरा बैंक कार्ड को नियंत्रित करने वाले नियम व शर्तें के साथ पुन: कार्ड जारी किया जाएगा और केनरा बैंक कार्ड के साथ मौजूदा कार्ड सीमा को निर्दिष्ट किया जाएगा। क्रेडिट कार्ड (भुगतान के लिए बकाया राशि) का बकाया चुकता होने के बाद उक्तानुसार कार्ड को केनरा बैंक कार्ड से बदल दिया जाएगा।
61	कार्ड में अर्जित अंकों और लॉयल्टी पुरस्कारों के बारे में क्या होगा?	**डेबिट कार्ड :** सिंडिकेट बैंक के डेबिट कार्ड के लिए अर्जित अंकों की सुविधा नहीं है। **क्रेडिट कार्ड :** जमा अर्जित अंकों को क्रेडिट कार्ड खाते में रिडीम और जमा किया जाएगा और कार्ड धारक को पुनः कार्डिंग प्रक्रिया के दौरान सूचित किया जाएगा।
62	सिंडिकेट बैंक से प्राप्त प्रीपेड कार्ड का क्या होगा।	सिंडिकेट बैंक से जारी किए गए प्रीपेड कार्ड को अग्रिम सूचना देने और ग्राहकों से सहमति लेने के बाद केनरा बैंक कार्ड के साथ पुन: जारी किया जाएगा।
63	सिंडिकेट बैंक से प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय यात्रा प्रीपेड कार्डों का क्या होगा।	सिंडिकेट बैंक से जारी किए गए अंतर्राष्ट्रीय यात्रा प्रीपेड कार्डों को अग्रिम सूचना देने और ग्राहकों से सहमति लेने के बाद केनरा बैंक अंतर्राष्ट्रीय यात्रा प्रीपेड कार्ड के साथ पुन: जारी किया जाएगा।
64	क्या सिंडिकेट बैंक और केनरा बैंक दोनों के ग्राहक बिना किसी अतिरिक्त लागत के इन दोनों बैंकों की शाखाओं में यूपीआई, एईपीएस, आईएमपीएस, आदि जैसे निधि अंतरण सेवाओं का उपयोग करने के लिए स्वतंत्र हैं।	सिंडिकेट बैंक और केनरा बैंक दोनों के ग्राहक एक इकाई के रूप में धन अंतरण सेवाओं का उपयोग करने में सक्षम होंगे और केनरा बैंक के शुल्क सहित नियम व शर्तें लागू होंगी।
65	क्या सिंडिकेट बैंक के ग्राहकों को एसएमएस / विवरणी आदि का लाभ उठाने के लिए केनरा बैंक के साथ फिर से मोबाइल नंबर या ईमेल रजिस्टर करना होगा?	जी नहीं, सिंडिकेट बैंक के ग्राहकों को अपने मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी को फिर से पंजीकृत करने की आवश्यकता नहीं है, अलर्ट यथावत उन तक पहुंचते रहेंगे।

क्रमांक	बारंबार पूछे जानेवाले प्रश्न(एफएक्यू)	उत्तर
66	केनरा बैंक से सिंडिकेट बैंक और इसके विपरीत क्रम में एनईएफटी / आरटीजीएस के शुल्क के बारे में क्या होगा।	समामेलन के बाद, आरटीजीएस / एनईएफटी लेनदेन के लिए सिंडिकेट बैंक से केनरा बैंक में कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा और ये अंतर-बैंक लेन-देन होंगे"।
67	क्या मैं अब भी बिना किसी शुल्क के कहीं भी एटीएम का उपयोग कर पाऊंगा?	आप दोनों बैंकों के किसी भी एटीएम का उपयोग कर सकते हैं, कोई भी एटीएम लेनदेन शुल्क नहीं लगाया जाएगा।
68	क्या मैं अपने मौजूदा डेबिट / क्रेडिट कार्ड का उपयोग समामेलन के बाद के परिदृश्य में जारी रख सकता हूं?	जी हाँ। कार्ड का संचालन जारी रहेगा और किसी भी बदलाव से पहले सूचना दी जाएगी ।
69	यदि मैं सिंडिकेट बैंक का एक ग्राहक हूं, तो क्या केनरा बैंक के पक्ष में और इसके विपरीत मौजूदा ईसीएस अधिदेश / चेक को बदलना आवश्यक है ?	जी नहीं, ग्राहकों को मौजूदा ईसीएस अधिदेशों या उत्तर दिनांकित चेकों को बदलने की आवश्यकता नहीं है। किसी भी परिवर्तन की अग्रिम सूचना, आवश्यक होने पर दी जाएगी।
70	मेरे डिजिटल बैंकिंग चैनल मोबाइल बैंकिंग / इंटरनेट बैंकिंग /यूपीआई/बीबीपीएस/ भीम/ प्रीपेड कार्ड के बारे में क्या होगा।	किसी भी प्रक्रिया में कोई बदलाव नहीं होगा, दोनों बैंकों के सभी अनुप्रयोग काम करना जारी रखेंगे। ग्राहकों को सेवा देने के लिए बैंकों के सभी अनुप्रयोग क्रियाशील भी रहेंगे। किसी भी परिवर्तन के मामले में, हम ग्राहकों को पहले से सूचित करेंगे।
71	क्या ग्राहक केनरा बैंक और सिंडिकेट बैंक के खातों के बीच धन अंतरण के लिए आरटीजीएस या एनईएफटी का उपयोग करते हैं?	जी नहीं, केनरा बैंक और सिंडिकेट बैंक खातों के बीच धन अंतरण को को अंतर-बैंक धन अंतरण माना जाएगा।
घ	**ऋण संबंधी मुद्दे**	
72	क्या ग्राहक सिंडिकेट बैंक शाखाओं में जाकर अपने केनरा बैंक के ओडी /ओसीसी खातों से नकदी निकाल सकते हैं?	जी नहीं । ओडी / ओसीसी खाते से नकद निकासी केवल गृह-शाखा तक ही सीमित है।
73	क्या दो बैंकों के समामेलन से मेरे वर्तमान ऋण खाते की नियम व शर्तें प्रभावित होंगी?	मौजूदा क्रेडिट सुविधाओं के किसी भी नियम व शर्तों में कोई तत्काल परिवर्तन नहीं होगा। हालाँकि, समामेलन के बाद सुविधाओं को समामेलित बैंक के दिशानिर्देशों / नीतियों द्वारा नियंत्रित किया जाना है। नियम व शर्तों में कोई भी बदलाव अग्रिम में सूचित किया जाएगा और परिवर्तित नियमों और शर्तों को प्रभावित करने से पहले सहमति प्राप्त की जाएगी। हालांकि, ब्याज दरों के संबंध में, पुनर्निधारण खंड के साथ मीयादी ऋण के मामले में, वर्तमान आरओआई उस तारीख तक जारी रहेगी। कार्यशील पूंजी ऋण के मामले में, वर्तमान दर अगले नवीनीकरण तक रहेगी।
74	यदि ग्राहक के पास सिंडिकेट बैंक और केनरा बैंक दोनों से ऋण खाते हैं, तो क्या होगा?	वर्तमान में दोनों ऋण सुविधाएं वर्तमान नियमों व शर्तों के अनुसार जारी रहेंगी। समामेलन के बाद, दोनों ऋणों को ग्राहक के अनुभव को बेहतर करने के लिए एकल खिड़की के माध्यम से सेवा प्रदान की जाएगी । इस संबंध में कोई भी परिवर्तन अग्रिम में सूचित किया जाएगा।

क्रमांक	बारंबार पूछे जानेवाले प्रश्न(एफएक्यू)	उत्तर
75	क्या मैं आसानी से सिंडिकेट बैंक / केनरा बैंक के साथ जुड़े अपने संपार्श्विक दस्तावेजों को प्राप्त कर सकता हूं?	सिंडिकेट बैंक या केनरा बैंक के पास बंधक स्वत्व विलेख और अन्य दस्तावेज सुरक्षित रहेंगे और आप आसानी से प्राप्त कर सकेंगे।
76	समामेलन के बाद मेरे ओडी / ऋण नवीनीकरण का क्या होगा?	ओडी/ ऋण नवीनीकरण / वृद्धि सामान्य रूप से अवधि अनुसार होगी ।
77	क्या ग्राहक सिंडिकेट बैंक की वेबसाइट / मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से ईएमआई का भुगतान केनरा बैंक के ऋण खातों में कर पाएंगे?	नहीं ।
78	क्या किसानों को फसल ऋणों के संबंध में ब्याज का लाभ मिलता रहेगा?	जी हां, ब्याज लाभ पाने वाले किसानों को सम्मिलित इकाई में भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार लाभ मिलता रहेगा।
79	एक विशेष एमएसएमई योजना जिसके तहत सिंडिकेट बैंक से ऋण लिया गया है वह योजना केनरा बैंक के पास उपलब्ध नहीं है। ऋण की स्थिति क्या होगी। क्या ऋण को केनरा बैंक की किसी अन्य योजना में परिवर्तित किया जाएगा।	जी नहीं । ऋण को अगले नवीकरण / समीक्षा तक स्वीकृत नियमों व शर्तों के अनुसार जारी रखा जाएगा।
80	क्या सिंडिकेट बैंक द्वारा अनुमत किए गए रियायती ब्याज दर/अन्य प्रभार केनरा बैंक के साथ समामेलन के बाद भी जारी रहेंगे?	हां, समामेलन के बाद भी सिंडिकेट बैंक द्वारा अनुमत की गई रियायतें मौजूदा संस्वीकृति (सैंक्शन) के अनुसार अगले नवीकरण/समीक्षा तक लागू रहेंगी। समामेलन के बाद आगामी नवीकरण/समीक्षा के दौरान आगे विचार किया जाएगा।
81	पीएमईजीपी सब्सिडी। सिंडिकेट बैंक से लिया गया पीएमईजीपी ऋण। समामेलन के बाद, जो सब्सिडी अब तक नहीं मिली है उसकी क्या स्थिति है?	समामेलन के बाद पीएमईजीपी सब्सिडी सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार उपलब्ध करायी जाएगी।
82	क्या लघु अवधि की ऋण सेवाएं जैसे एड-हॉक लिमिट, अस्थायी ओवरलाइन, स्टैंडबाई लिमिट समामेलन के बाद आगे बढ़ायी जाएगी?	हां, समामेलन के बाद योग्यता के आधार पर आवश्यकता आधारित वित्तीय आवश्यकताओं पर विचार किया जाएगा।
83	क्या मैं अपने वसूली चेक सिंडिकेट/केनरा बैंक के ऋण खाते में जमा कर सकता/सकती हूं?	कृपया अपनी संबंधित शाखा में चेक जमा करें।
84	मेरा ऋण खाता दोनों बैंकों में है – मुझे क्या करना होगा?	दोनों ऋणों की चुकौती संस्वीकृति (सैंक्शन) के नियम व शर्तों के अनुसार करनी होगी।

क्रमांक	बारंबार पूछे जानेवाले प्रश्न(एफएक्यू)	उत्तर
85	क्या ऋण खाता किसी एक शाखा से दूसरी शाखा में स्थानान्तरित किया जाएगा?	नहीं, जब तक कि ग्राहक की तरफ से कोई विशेष अनुरोध और सक्षम प्राधिकारी की अनुमति न हो तब तक ऐसा नहीं किया जाएगा।
86	यदि किसी साख सुविधा हेतु केनरा बैंक के प्रभार अधिक हैं तो क्या सिंडिकेट बैंक के ऋणियों/ग्राहकों को अधिक सेवा प्रभार (जैसे प्रसंस्करण (प्रोसेसिंग) प्रभार, कमीशन आदि) का भुगतान करना होगा?	नहीं, मौजूदा साख सुविधाओं के लिए उनकी अवधि/ आवधिकता समाप्त होने तक मौजूदा प्रभार ही जारी रहेंगे। समामेलन के बाद नयी लिमिटों के लिए केनरा बैंक के दिशानिर्देशानुसार प्रभार लागू किए जाएंगे।
87	समामेलन के बाद सिंडिकेट बैंक के ग्राहक खुदरा ऋणों के लिए किससे संपर्क करेंगे और केनरा बैंक के ग्राहक किससे संपर्क करेंगे?	ग्राहक दोनों बैंकों की शाखा/कार्यालयों से संपर्क कर सकते हैं।
88	क्या सिंडिकेट बैंक द्वारा अनुमोदित की गयी परियोजनाओं के प्रस्तावों को केनरा बैंक वित्त पोषित करेगा?	हां
89	यदि एक बैंक में खाता मानक आस्ति है और दूसरे में अनर्जक आस्ति है तो क्या स्थिति होगी?	मानक आस्ति खाते को मानित एनपीए समझा जाएगा।
90	विभिन्न बैंकों से प्राप्त किए गए साख पत्र और निर्यात सुविधाओं की क्या स्थिति रहेगी? क्या हमें नये साख पत्र के लिए अनुरोध करना होगा या पुराना साख पत्र जारी रहेगा?	साख पत्र और अन्य निर्यात सुविधाएं अगली सूचना तक पहले की भांति जारी रहेंगी। समामेलित इकाई दोनों बैंकों की प्रतिबद्धताओं का सम्मान करेगी।
ङ	**पेंशन संबंधी मामले**	
91	क्या सिंडिकेट बैंक के मौजूदा पेंशनभोगी को पेंशन प्राप्त करने के लिए केनरा बैंक में नया खाता खोलना होगा?	नहीं, पेंशनभोगी को केनरा बैंक में नया खाता खोलने की आवश्यकता नहीं है। समामेलन के बाद सिंडिकेट बैंक में मौजूद खाता आगे भी जारी रखा जा सकता है।
92	क्या सिंडिकेट बैंक का पेंशनभोगी केनरा बैंक की किसी भी शाखा से पेंशन आहरित कर सकता है?	हां। सिंडिकेट बैंक के पेंशनभोगी केनरा बैंक की किसी भी शाखा से पेंशन आहरित कर सकते हैं और केनरा बैंक के पेंशनभोगी भी सिंडिकेट बैंक की किसी भी शाखा से पेंशन आहरित कर सकते हैं।
93	क्या पेंशनभोगी अपना सिंडिकेट बैंक का पुराना पेंशन खाता नज़दीकी केनरा बैंक में स्थानान्तरित करवा सकता है?	हां। दोनों बैंकों के पेंशनभोगी अपना पुराना पेंशन खाता एक बैंक से दूसरे बैंक की नज़दीकी शाखा में स्थानान्तरित करवा सकते हैं।
94	क्या सिंडिकेट बैंक का पेंशनभोगी केनरा बैंक की शाखा में और केनरा बैंक का पेंशनभोगी सिंडिकेट बैंक की शाखा में फिज़िकल/डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र जमा कर सकता है?	हां। सिंडिकेट बैंक का पेंशनभोगी केनरा बैंक की शाखा में और केनरा बैंक का पेंशनभोगी सिंडिकेट बैंक की शाखा में फिज़िकल/डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र जमा कर सकता है।

क्रमांक	बारंबार पूछे जानेवाले प्रश्न(एफएक्यू)	उत्तर
95	क्या सिंडिकेट बैंक के पेंशनभोगी को केनरा बैंक की शाखा से पेंशन स्लिप मिलेगी?	हां। पेंशनभोगी द्वारा केनरा बैंक की किसी भी शाखा से पेंशन स्लिप प्राप्त की जा सकती है।
96	क्या सिंडिकेट बैंक पेंशनभोगी केनरा बैंक की शाखाओं से फॉर्म 16 प्राप्त कर सकते हैं?	फॉर्म 16 प्राप्त करने के लिए अपनी मूल शाखा में जाएं।
च	**बीमा संबंधी मामले**	
97	एक पॉलिसी धारक / म्यूचुअल फंड निवेशक के रूप में समामेलित बैंक का मुझ पर क्या प्रभाव पड़ेगा?	समामेलित बैंक का नेटवर्क पूरे देश में होने का लाभ ग्राहक को मिलेगा।
98	बीमा पॉलिसी को जारी रखने के लिए क्या ग्राहक द्वारा कोई कार्य किया जाना है?	एक ग्राहक के रूप में, समामेलित बैंक में आपके लिए कारोबार पहले की तरह ही रहेगा।
99	सिंडिकेट बैंक द्वारा बेची गयी मेरी मौजूदा जीवन बीमा पॉलिसी की समामेलन के बाद क्या स्थिति रहेगी?	यदि आप अपने बीमाकर्ता को नवीकृत किस्तों का भुगतान समय पर करते हैं तो आपकी पॉलिसी समामेलन के बाद भी लागू रहेगी।
100	सिंडिकेट बैंक द्वारा बेची गई मेरी जीवन बीमा पॉलिसी/पॉलिसियों के लिए सेवा कौन प्रदान करेगा?	समामेलन के बाद भी आपकी पॉलिसियों की सेवा आपकी शाखा द्वारा की जाएगी। आपकी बीमा पॉलिसी में सेवा संबंधी किसी भी शिकायत के लिए आप हमें insurancecomplaints@canarabank.com पर ईमेल कर सकते हैं।
101	यदि सिंडिकेट बैंक के वर्तमान जीवन बीमा टाई-अप के साथ संबंधविच्छेद होता है तो क्या पॉलिसीधारक को सूचित किया जाएगा?	विनियामकों द्वारा स्थापित मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार सिंडिकेट बैंक के किसी बीमा टाई-अप को समाप्त करने से पहले पॉलिसीधारक को समय रहते सूचित किया जाएगा।
102	मेरे सिंडिकेट बैंक खाते से प्रति माह कटने वाली एस.आई.पी. किस्तों का क्या होगा?	आप इसे जारी रख सकते हैं।
103	समामेलन के बाद केनरा बैंक में जीवन बीमा सेवा प्रदाता कौन होगा?	समामेलित बैंक में नई जीवन बीमा पॉलिसी केनरा एचएसबीसी ओबीसी लाइफ इनश्योरेंस कं. लि. द्वारा दी जाएगी और सेवा प्रदान की जाएगी।
104	क्या मेरी जीवन बीमा पॉलिसी केनरा बैंक जीवन बीमा पॉलिसी में पोर्ट की जा सकेगी?	विनियामक द्वारा जीवन बीमा पॉलिसियों की पोर्टेबिलिटी अब तक अनुमत नहीं की गई है न ही कोई दिशानिर्देश जारी किए गए हैं।
105	सिंडिकेट बैंक द्वारा बेची गई मेरी मौजूदा स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी/पॉलिसियों (सिंड आरोग्य) की समामेलन के बाद क्या स्थिति रहेगी?	समामेलन के बाद भी आपकी स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी वर्तमान अवधि के लिए वर्तमान बीमाकर्ता के साथ जारी रहेगी। नवीकरण के समय पॉलिसी पूर्ण निरंतरता लाभ के साथ वैकल्पिक सेवा प्रदाता के पास पोर्ट हो जाएगी।

क्रमांक	बारंबार पूछे जानेवाले प्रश्न(एफएक्यू)	उत्तर
106	सिंडिकेट बैंक द्वारा बेची गई स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी से संबंधित सेवा/नवीकरण कौन करेगा?	समामेलन के बाद भी आपकी पॉलिसियों से संबंधित सेवा सामान्य रूप से आपकी शाखा द्वारा प्रदान की जाएगी। आपकी बीमा पॉलिसी में सेवा संबंधी किसी भी शिकायत के लिए आप हमें insurancecomplaints@canarabank.com पर ईमेल कर सकते हैं।
107	समामेलन के बाद केनरा बैंक में स्वास्थ्य बीमा सेवा प्रदाता कौन होगा?	वर्तमान में एचडीएफसी एर्गो हेल्थ इंश्योरेंस लि. केनरा बैंक के लिए स्वास्थ्य बीमा सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। आने वाले समय में किसी प्रकार के बदलाव के बारे में सूचित किया जाएगा।
108	बैंकों के समामेलन के बाद सिंडिकेट बैंक द्वारा बेचे गए मौजूदा सामान्य बीमा पॉलिसियों का क्या होगा ?	पॉलिसी अवधि तक आपकी पॉलिसी वर्तमान बीमाकर्ता द्वारा ज़ारी रखी जाएगी। केनरा बैंक के सहयोगी कंपनियों द्वारा नवीकरण प्रस्तावित किए जाएंगें।
109	क्या सिंडिकेट बैंक के मौजूदा सामान्य बीमा टाई-अप के साथ संबंधविच्छेद होने पर पॉलिसी धारक को सूचित किया जाएगा ?	विनियामक द्वारा निर्धारित मौजूदा दिशानिर्देशानुसार सिंडिकेट बैंक की किसी भी बीमा टाई-अप की समाप्ति से पहले सिंडिकेट बैंक के पॉलिसी धारक को अग्रिम रूप से सूचित किया जाएगा|
110	समामेलन के बाद केनरा बैंक में सामान्य बीमा सेवा प्रदाता कौन होंगे?	सामान्य बीमा निम्नलिखित द्वारा प्रदान किया जाएगा : • न्यू इंडिया एश्योरेंस कं.लि. • मैसर्स बजाज एलियांज़ जनरल इंश्योरेंस कं लि • मैसर्स टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कं लि.
111	क्या केनरा बैंक द्वारा दी गई सामान्य बीमा पॉलिसी में मेरी सामान्य बीमा पॉलिसियों को पोर्ट किया जा सकता है ?	नवीकरण पर बीमा भागीदार के विनियामक और हामीदारी निर्णय द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार आप अपने बीमा भागीदारों के साथ अपनी सामान्य बीमा पॉलिसियों को पोर्ट कर सकते हैं |
112	समामेलन के बाद सिंडिकेट बैंक द्वारा बेची गई मेरे मौजूदा म्यूचुअल फंड (एसआईपी/ एसटीपी सहित) का क्या होगा ?	आपके मौजूदा म्यूचुअल फंड(एसआईपी/ एसटीपी सहित), फंड हाउस के साथ तब तक चलता रहेगा, जब तक आप उन्हें रखना चाहते हैं।
113	सिंडिकेट बैंक द्वारा बेची गई म्यूचुअल फंड को सेवा कौन प्रदान करेगा ?	संबंधित फंड हाउस द्वारा म्यूचुअल फंड हेतु सेवाएं दी जाएंगी। हालाँकि, आपकी शाखा/कार्यालय के माध्यम से भी अनुरोध किया जा सकता है|
114	समामेलन के बाद निवेश के लिए केनरा बैंक के साथ कौन सी आस्ति प्रबंधन कंपनी उपलब्ध होगी ?	केनरा रोबेको म्यूच्युअल फंड
115	सिंडिकेट बैंक द्वारा बेची गई पॉलिसी/म्यूचुअल फंड के बारे में किसी भी शिकायत के लिए मुझे किससे संपर्क करना चाहिए ?	बीमा और म्यूच्युअल फंड दोनों से संबंधित मुद्दों की सेवा के लिए आप हमें insurancecomplaints@canarabank.com. पर ईमेल भेज सकते हैं।
116	क्या 31 मार्च 2020 के नवीकरण के लिए सिंड आरोग्य पॉलिसी के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था है?	पहले से जारी की गई पॉलिसी लागू रहेगी और बीमाकर्ता द्वारा नियत तिथि तक सेवा प्रदान की जाएगी। दिनांक 01.04.2020 से एक वैकल्पिक सेवा प्रदाता द्वारा नई पॉलिसी और नवीकरण प्रदान किया जाएगा|
117	क्या समामेलन के बाद केनरा बैंक द्वारा दिए जाने वाले जीवन बीमा उत्पाद सिंडिकेट बैंक के ग्राहकों को भी उपलब्ध होंगें ?	केनरा बैंक द्वारा बीमा और म्यूचुअल फंड दोनों के सभी उत्पाद समामेलित बैंक के समस्त ग्राहकों के लिए उपलब्ध होंगे।
118	क्या समामेलन के बाद केनरा बैंक द्वारा दिए जाने वाले स्वास्थ्य बीमा उत्पाद सिंडिकेट बैंक के ग्राहकों को भी उपलब्ध होंगें ?	केनरा बैंक द्वारा बीमा और म्यूचुअल फंड दोनों के सभी उत्पाद समामेलित बैंक के सभी ग्राहकों के लिए उपलब्ध होंगे।

क्रमांक	बारंबार पूछे जानेवाले प्रश्न(एफएक्यू)	उत्तर
119	क्या समामेलन के बाद केनरा बैंक द्वारा दिए जाने वाले सामान्य बीमा उत्पाद सिंडिकेट बैंक के ग्राहकों को भी उपलब्ध होंगें ?	केनरा बैंक द्वारा बीमा और म्यूचुअल फंड दोनों के सभी उत्पाद समामेलित बैंक के सभी ग्राहकों के लिए उपलब्ध होंगे।
120	क्या समामेलन के बाद केनरा बैंक द्वारा दिए जाने वाले म्यूच्युअल फंड उत्पाद सिंडिकेट बैंक के ग्राहकों को भी उपलब्ध होंगें ?	केनरा बैंक द्वारा बीमा और म्यूचुअल फंड दोनों के सभी उत्पाद समामेलित बैंक के सभी ग्राहकों के लिए उपलब्ध होंगे। मौजूदा ग्रूप पॉलिसी वैधता और संबंधित बीमाकर्ता द्वारा सेवित होने तक जारी रहेंगी
121	मैंने सिंडिकेट बैंक के साथ अपने शिक्षा ऋण के लिए ग्रूप लाईफ पॉलिसी खरीदी है , समामेलन के बाद पॉलिसी का क्या होगा ?	मौजूदा ग्रूप पॉलिसी वैधता और इससे संबंधित सेवा बीमाकर्ता द्वारा जारी रहेगा| केनरा बैंक के सहयोगी भागीदार द्वारा नई पॉलिसी प्रदान की जाएगी।
122	मेरे पास टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस के साथ जनरल इंश्योरेंस पॉलिसी हैं, क्या यह नए समामेलित बैंक के साथ जारी रहेंगी ?	हाँ
123	समामेलन के बाद क्या मुझे केनरा बैंक से जुड़ी बीमा कंपनियों / म्यूचुअल फंड कंपनियों से बीमा और म्यूचुअल फंड खरीदने के लिए अलग से बैंक खाता खोलना होगा ?	आवश्यक नहीं | मौजूदा खाते से उद्देश्य की पूर्ति हो जाएगी |
124	समामेलन से पहले सिंडिकेट बैंक से खरीदे गए जीवन और स्वास्थ्य बीमा उत्पादों से संबंधित दावों के लिए सिंडिकेट बैंक के ग्राहकों को कौन संभालेगा/ सहायता करेगा ?	संबंधित बीमा सेवा प्रदाता द्वारा दावों सी सेवा की जाएगी। समामेलन के बाद हम सिंडिकेट बैंक के ग्राहकों की शिकायतों/मुद्दों पर सहायता करेंगें| यदि आप अपनी शिकायत/चिंता/मुद्दों को हल करने में किसी भी प्रकार के कष्ट का सामना करते हैं तो कृपया हमें insurancecomplaints@canarabank.com पर लिखें |
125	क्या मई 2020 में हमारे मौजूदा खाते में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं (पीएमजेजेबीवाई और पीएमएसबीवाई)का ऑटो डेबिट होगा?	हाँ, यदि आप योग्य हैं तो।
126	पीएमजेजेबीवाई और पीएमएसबीवाई के दावों का निपटान कैसे होगा?	डीएफएस के दिशानिर्देशानुसार जिन बीमा कंपनियों द्वारा नामांकन किया गया है वहीं दावों का निपटान करेंगें |
127	दावों के गैर-निपटान के मामलों के संबंध ग्राहकों को कहाँ संपर्क करना होगा?	ग्राहक को जरूरत पड़ने पर किसी भी नजदीकी शाखा से संपर्क करना होगा। किसी भी शिकायत/ सूचना के लिए sssclaims@canarabank.com पर ई- मेल भेज सकते हैं |
128	पीएमजेजेबीवाई और पीएमएसबीवाई संबंधित किसी भी शिकायत के लिए ग्राहक को कहाँ संपर्क करना होगा?	ग्राहक को किसी भी नजदीकी केनरा बैंक शाखा से संपर्क करना होगा। पीएमजेजेबीवाई और पीएमएसबीवाई संबंधित किसी भी शिकायत के लिए insurancecomplaints@canarabank.com पर मेल भेजना हैं |

क्रमांक	बारंबार पूछे जानेवाले प्रश्न(एफएक्यू)	उत्तर
129	पीएमजेजेबीवाई और पीएमएसबीवाई को कौन सी बीमा कंपनियां संभाल रही है?	वर्तमान में केनरा बैंक द्वारा पीएमजेजेबीवाई के लिए मैसर्स केनरा एचएसबीसीओबीसी जीवन बीमा कं और पीएमएसबीवाई के लिए मैसर्स बजाज एलियांज़ जनरल इंश्योरेंस कं के साथ टाई-अप में है।